प्रेस नोट

थाना उल्दन-जनपद झाँसी

दिनाँक 15.04.2025

04 अभियुक्तगण को जुआ खेलते समय गिरफ्तार किया गया।

श्रीमान वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक महोदय झाँसी द्वारा अपराध एवं अपराधियों के विरूद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में व श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर महोदय के निर्देशन मे व श्रीमान क्षेत्राधिकारी महोदय टहरौली के निकट पर्यवेक्षण मे व प्रभारी निरीक्षक श्री दिनेश कुरील के कुशल नेतृत्व में उल्दन पुलिस द्वारा चलाये गये अभियान से 04 नफर अभियुक्तगण **01. नूर मोहम्मद पुत्र महमूद खान उम्र 35 वर्ष 02. कैलाश सोनी पुत्र कालका प्रसाद उम्र 40 वर्ष 03. भूपेन्द्र पुत्र धनीराम उम्र 24 वर्ष 04. वीरेन्द्र खंगार पुत्र नारायनदास उम्र 49 वर्ष निवासी गण ग्राम उल्दन थाना उल्दन जिला झाँसी** को जुआ खेलते समय इमिलिया रोड पर आरिफ के बेडा के सामने बने चबूतरे पर ग्राम उल्दन थाना उल्दन जनपद झांसी से गिरफ्तार किया गया।

संक्षिप्त विवरण:

आज दिनाँक 15.04.2025 को उ0नि0 श्री रमाशंकर तिवारी मय हमराह उ0नि0 अंकित धामा , का0 592 दीपचन्द्र मौर्य व का0 807 योगेन्द्र सिंह मय सरकारी वाहन यू0पी0 93 ए0जी0 0595 मय चालक का0 1459 रोहित कुमार के थाना हाजा से रवाना होकर देखभाल क्षेत्र शांति व्यवस्था पेंडिग अहकामात जाँच प्रार्थना पत्र मे थाना क्षेत्र के अन्तर्गत ग्राम उल्दन मे मामूर थे कि जरिए मुखबिर खास सूचना मिली कि ग्राम उल्दन के इमिलिया रोड पर आरिफ के बेडा के सामने चबूतरा पर कुछ लोग हार जीत की बाजी लगाकर जुआ खेल रहे है। अगर जल्दी की जाए तो पकडे जा सकते है उक्त सूचना पर विश्वास करके उ0नि0 श्री रमाशंकर तिवारी मय

हमराहीयान के एकबारगी दबिश देकर इमिलिया रोड पर आरिफ के बेडा के सामने बने चबूतरे पर ग्राम उल्दन थाना उल्दन जनपद झांसी में जुआ खेल रहे 04 अभियुक्तगण 01. नूर मोहम्मद पुत्र महमूद खान उम्र 35 वर्ष 02. कैलाश सोनी पुत्र कालका प्रसाद उम्र 40 वर्ष 03. भूपेन्द्र पुत्र धनीराम उम्र 24 वर्ष 04. वीरेन्द्र खंगार पुत्र नारायनदास उम्र 49 वर्ष निवासी गण ग्राम उल्दन थाना उल्दन जिला झाँसी को मा0 सर्वोच्च न्यायालय व मानवाधिकार आयोग के दिशा निर्देशों का पालन करते हुये गिरफ्तार किया गया। उपरोक्त अभियुक्तगण के कब्जे से 52 अदद ताश पत्ता , मालफड 6200 रु0 ,जामा तलाशी 600 रु0 कुल 6800 रुपये व दो अदद मोबाइल बरामद हुआ। जिसके सम्बन्ध में थाना उल्दन में मु0अ0सं0 64/2025 धारा 13 सार्वजनिक जुआ अधिनियम पंजीकृत किया गया। अग्रिम विधिक कार्यवाही की गयी।

बरामद...... 52 अदद ताश पत्ता , मालफड 6200 रु0 ,जामा तलाशी 600 रु0 कुल 6800 रुपये व दो अदद मोबाइल।

गिरफ्तार करने वाली टीम का विवरण –

01.उ0नि0 श्री रमाशंकर तिवारी थाना उल्दन जनपद झांसी

02. उ0नि0 श्री अंकित धामा थाना उल्दन जनपद झांसी

03.का0 592 दीपचन्द मौर्य थाना उल्दन जनपद झांसी

04. का0 807 योगेन्द्र सिंह थाना उल्दन जनपद झांसी

05. चालक का0 1459 रोहित कुमार थाना उल्दन जनपद झांसी